समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# सिन्नर के राहुल भावसार ने रचा व्यापारिक सफलता का नया इतिहास

Publisher
Published on 02 Feb 2026



शिक्षा के दौरान ही स्वयं का व्यवसाय खड़ा करने का संकल्प लेकर मात्र 10×12 वर्गफुट के एक छोटे से गल्ले से शुरुआत करने वाले **श्री राहुल भावसार** आज सिन्नर तालुका में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर व्यवसाय के क्षेत्र में एक जाना-माना और अग्रणी नाम बन चुके हैं।

बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद राहुल भावसार ने '**घुंघरू कैसेट हाउस**' नामक छोटे व्यवसाय से अपने उद्यमी सफर की नींव रखी। शुरुआत से ही उनका स्पष्ट उद्देश्य रहा—जो सिन्नर में उपलब्ध नहीं है, उसे यहाँ उपलब्ध कराना और ग्राहकों को तेज़ व गुणवत्तापूर्ण सेवा देना। इसी ग्राहक-केंद्रित सोच ने कम समय में उनके व्यवसाय को लोकप्रिय बना दिया।

वर्ष **2005** में उन्होंने '**घुंघरू इलेक्ट्रॉनिक्स**' की स्थापना की, जहाँ मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री और बिक्री-पश्चात सेवा शुरू की गई। इसके बाद **2011** में '**माय आइडिया गैलरी**' की सिन्नर तालुका फ्रेंचाइज़ी प्राप्त कर उन्होंने अपने कारोबार का और विस्तार किया।

एक और महत्वपूर्ण पड़ाव **2019** में आया, जब कोल्हापुर स्थित **एस. एस. मोबाइल** कंपनी का उत्तर महाराष्ट्र का पहला मोबाइल आउटलेट सिन्नर में शुरू किया गया। बाद में भैरवनाथ मंदिर के पास 4,000 वर्गफुट की विशाल जगह में स्थानांतरित होकर इस व्यवसाय को मॉल का स्वरूप दिया गया। इसके पश्चात आडवा फाटा में एक और भव्य शोरूम खोलकर उन्होंने सिन्नर में मोबाइल व्यवसाय में शीर्ष स्थान हासिल किया।

वर्ष **2023** से राहुल भावसार ने फर्नीचर व्यवसाय में भी कदम रखा। बंगलों और कार्यालयों के लिए ग्राहकों की जरूरत के अनुसार कस्टमाइज्ड फर्नीचर उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की गई। वहीं **2025** में आडवा फाटा में **एस. एस. मोबाइल** की दूसरी शाखा का शुभारंभ हुआ।

सिन्नर में पहली बार महंगे **आईफोन** को फाइनेंस सुविधा पर उपलब्ध कराने का साहसिक निर्णय भी राहुल भावसार ने लिया, जो

सफल सिद्ध हुआ। एक समय केवल एक कर्मचारी से शुरू हुआ यह व्यवसाय आज लगभग **35 लोगों को रोजगार** प्रदान कर रहा है। इस पूरी सफलता में उनकी पत्नी **सौ. मृणालिनी भावसार** का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए राहुल भावसार **नाशिक वेस मित्रमंडल** के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष तथा **रोटरी क्लब सिन्नर** के सचिव के रूप में भी सक्रिय हैं और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में योगदान दे रहे हैं।

मेहनत, दूरदृष्टि, ग्राहक-हितैषी सेवा और सामाजिक संवेदनशीलता के बल पर खड़ा किया गया श्री राहुल भावसार का यह सफल व्यवसायिक सफर आज के युवाओं के लिए निश्चित रूप से एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

### सम्मान और पहचान

**श्री राहुल भावसार** की इस शानदार उपलब्धि को “**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**” जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

### भव्य पुरस्कार समारोह

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
? **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
? **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
? **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.